(c) the expenditure likely to be incurred on this account?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE AND IRRIGATION (SHRI BHANU PRATAP SINGH): (a) Yes, Sir.

(b) The schemes under the programme would cover mainly afforestation, irrigation agriculture and animal husbandry sectors.

(c) An outlay of Rs. 43.50 lakhs has been approved under the Desert Development Programme in Himachal Pradesh for the current financial year. Some expenditure is also likely to be incurred under the programme in Ladakh during the current financial year.

कृषक संगठनों को अनुदान

1605. श्री रामेश्वर पाटीदार :
श्री सुभाष आहूजा :

क्या कृषि और सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गत तीन वर्षों के दौरान विभिन्न कृषक संगठनों को अनुदान दिया गया है, और

(ख) यदि हां, तो इन संगठनों के नाम क्या है और प्रत्येक संगठन को प्रयेक वर्ष मे कितना अनुदान दिया गया ?

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) : (क) जी हां ।

(ख)

क्रम सं०	संगठन का नाम	दिये गये अनुदान की राशि 1974-75 रु०	1975-76 रु०	1976-77 रु०
1.	भारतीय ग्रामीण महिला संघ	13950	--	--
2.	भारत कृषक समाज	8000	--	7000
3.	कृषि राहत संस्था का महासंघ	9370	13870	6220
4.	राष्ट्रीय किसान संगठन	22570	22510	10000
5.	भारतीय युवक किसान संस्था	11370	9680	7520

गन्ने के समर्थन मूल्य में वृद्धि न होने के कारण

1606. श्री रामानन्द तिवारी :
डा० लक्ष्मीनारायण पांडेय :

क्या कृषि और सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गन्ने के समर्थन मूल्य में पिछले कई वर्षों से कोई परिवर्तन नहीं हुआ है जब कि कृषि मूल्य आयोग ने पिछले दो वर्षों मे इस के मूल्य मे वृद्धि की सिफारिश की थी तथा इसी बीच अन्य वस्तुओं के समर्थन मूल्य मे भी वृद्धि हुई है, और

(ख) यदि हां, तो उस के क्या कारण है ?

कृषि और सिंचाई मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भानु प्रताप सिंह) : (क) और (ख). कृषि मूल्य आयोग की सिफारिश के अनुसरण मे 1973-74 मौसम के लिए